RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 28 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 95 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App



# मुंबई में पानी की कटौती होगी बंद?

## जुलाई के आखिर में पानी कटौती की समीक्षा कर सकती है बीएमसी

**बिहार और तानसा झीलें हुईं लबालब, अब फरवरी 2024 तक नहीं होगी दिक्कत...**

मुंबई : मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाले झील क्षेत्रों में पिछले दिनों से अच्छी बारिश हो रही है। इसका फायदा यह हुआ है कि मुंबई को पानी सप्लाई करने वाली तानसा और विहार झील बुधवार सुबह 6 बजे ओवरफ्लो हो गईं। इससे पहले 20 जुलाई को तुलसी झील ओवरफ्लो हो चुकी है। मुंबई को पानी सप्लाई करने वाली सातों झीलों में बुधवार को 852957 एमएलडी पानी जमा हो गया है। यह झीलों की कुल भंडारण क्षमता का 58.93 प्रतिशत है। बता दें कि झीलों की कुल भंडारण क्षमता 14,47363 एमएलडी है।

झीलों में पानी का स्टॉक कम होने के कारण मुंबई में 1 जुलाई से 10 प्रतिशत पानी की कटौती लागू है। पूर्व नगरसेवक सचिन पडवल ने बीएमसी कमिश्नर आई. एस. चहल से मुंबई में जारी पानी की कटौती को रद्द करने का अनुरोध किया है। सूत्रों के मुताबिक, यदि इसी तरह भारी बारिश होती रही और झीलों में 75 प्रतिशत से अधिक पानी जमा हो गया तो बीएमसी प्रशासन 31 जुलाई को पानी कटौती की समीक्षा कर सकता है।

**21 फरवरी 2024 तक का पानी जमा**

मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाली सात झीलों में वर्तमान में 8,52,957 एमएलडी पानी जमा हो गया है। इस स्टॉक के जरिए बीएमसी मुंबई में अगले 221 दिनों यानी 21 फरवरी 2024 तक पानी की सप्लाई कर सकती है। इसके बावजूद यह पिछले तीन सालों में झीलों का सबसे कम पानी का स्टॉक है।

वर्ष 2022 में 26 जुलाई की सुबह 6 बजे तक झीलों में 1267298 एमएलडी पानी जमा था, जो झीलों की कुल क्षमता का 87.56 प्रतिशत था। इसी तरह वर्ष 2021 में इस दौरान झीलों में 964311 एमएलडी यानी 66.63 प्रतिशत पानी जमा हुआ था। अपर वैतरणा झील में बुधवार को 71329 एमएलडी पानी का स्टॉक हुआ, जो झील की कुल क्षमता का 31.42 प्रतिशत है। मोडक सागर झील में 113056 एमएलडी पानी जमा हुआ, जो कुल क्षमता का 87.69 प्रतिशत है। तानसा झील ओवरफ्लो हो गई है। इस झील में 144946 एमएलडी पानी का स्टॉक है। मध्य वैतरणा में 131503 एमएलडी पानी का स्टॉक है, जो झील की कुल क्षमता का 67.95 प्रतिशत है। मुंबई को सबसे ज्यादा पानी सप्लाई करने वाली भातसा झील में 356378 एमएलडी यानी 49.70 प्रतिशत पानी जमा हो गया। विहार झील भी बुधवार को शत प्रतिशत भर गई। इस झील में 27698 एमएलडी पानी का स्टॉक है। वहीं तुलसी झील पहले से ही पूरी तरह से भरी हुई है। इस झील की कुल भंडारण क्षमता 8046 एमएलडी है।

# विधानमंडल में चार दिन नहीं होगा कामकाज

## अगले सप्ताह बुधवार से शुरू होगी बैठक



**मुंबई** : महाराष्ट्र विधानमंडल के मानसून सत्र का कामकाज पहले से तय तिथि 4 अगस्त 2023 तक ही चलेगा। गुरुवार को हुई विधानमंडल कामकाज सलाहकार समिति की बैठक में सोमवार 31 जुलाई और मंगलवार 1 अगस्त को अवकाश घोषित किया गया। यानी शनिवार 29 जुलाई से 1 अगस्त तक चार दिन विधानमंडल का कामकाज नहीं होगा। राज्य में भारी बारिश और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 1 अगस्त को पुणे दौरे के चलते यह निर्णय लिया गया है।

महाराष्ट्र विधानमंडल का मानसून सत्र 17 जुलाई से 4 अगस्त के बीच आयोजित किया गया है। बुधवार को सत्र के तय समय से पहले खत्म करने को लेकर जोरदार चर्चा हुई। गुरुवार को हुई विधानमंडल कामकाज सलाहकार समिति की बैठक में 31 जुलाई और 1 अगस्त को अवकाश घोषित किया गया। इस तरह शनिवार 29 जुलाई, रविवार 30 जुलाई, सोमवार 31 जुलाई और मंगलवार 1 अगस्त को सदन की बैठक नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 अगस्त को पुणे दौरे पर आ रहे हैं। बुधवार 2 अगस्त से सदन की नियमित बैठक होगी। राज्य में हो रही भारी बारिश की वजह से कई विधायकों ने सत्र की अवधि घटाने की मांग की थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने नाना पटोले ने कहा कि राज्य सरकार को बारिश का कारण बताकर विधानमंडल के मानसून सत्र को समय से पहले खत्म करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

# मुंबई, ठाणे सहित कई हिस्सों में भारी बारिश !

## कई इलाकों में घुटनों तक पानी



**मुंबई:** मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिलों सहित महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई. ठाणे के कई इलाकों में पानी भर गया, यहां तक कि रेलवे स्टेशन के परिसर में भी पानी घुस गया. सामने आए वीडियो में लोगों को घुटने तक गहरे पानी से गुजरते हुए और ऑटोरिक्शा चालकों को जलमग्न सड़क पर अपने वाहनों को धकेलते हुए देखा गया है. इलाके की कई दुकानों में भी पानी घुस गया है. बताते चलें कि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने ठाणे के लिए ऑरेंज अलर्ट और मुंबई, रायगढ़ और रत्नागिरी के लिए रेड अलर्ट जारी किया था. मुंबई और उसके उपनगरों में भी भारी बारिश हुई है. दैनिक मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, मौसम ब्यूरो ने मुंबई और उसके उपनगरों में भारी बारिश की भविष्यवाणी की थी, अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई थी. अगले 24 घंटों में कभी-कभी 45-55 किमी / घंटा तक तेज हवाएं चलने की संभावना है.




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## अविश्वास प्रस्ताव क्यों

मणिपुर की घटनाओं पर चर्चा की मांग को लेकर संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच चल रहा गतिरोध आखिर सरकार के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव की वजह बन गया। दिलचस्प है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों मणिपुर पर चर्चा चाहते हैं, फिर भी चर्चा नहीं हो पा रही और मॉनसून सत्र का एक-एक दिन हंगामे की भेंट चढ़ता जा रहा है। गतिरोध की जड़ में है यह सवाल कि किस नियम के तहत चर्चा हो। सत्ता पक्ष नियम 176 के तहत चर्चा कराने को तैयार है, मगर विपक्ष अड़ा हुआ है कि चर्चा नियम 267 के तहत ही हो। पहले नियम के तहत संक्षिप्त चर्चा होती है, हालांकि सबकी सहमति से चर्चा की अवधि को कुछ बढ़ाया जा सकता है। मगर यह बढ़ाई हुई अवधि भी विपक्ष को कम लग रही है। वह चाहता है कि सभी कामकाज स्थगित कर मणिपुर पर विस्तार से चर्चा हो। दूसरी बात इसके साथ लगी हुई यह है कि इस नियम के तहत चर्चा होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वक्तव्य देना होगा। विपक्ष की मूल मांग यही रही है कि प्रधानमंत्री सदन के अंदर मणिपुर पर बयान दें। सरकार इसे अनावश्यक बताती रही है। उसके मुताबिक चूंकि मामला कानून-व्यवस्था का है, इसलिए गृहमंत्री का बयान देना काफी है। बहरहाल, दोनों पक्षों की यही जिद है जिसकी परिणति अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस के रूप में हुई है। सवाल है कि इस अविश्वास प्रस्ताव से आखिर विपक्ष को क्या मिल जाएगा। सदन में सरकार को पूर्ण बहुमत हासिल है ही, अगर उसने जोर लगाया तो हो सकता है जिन दलों के विपक्षी गठबंधन की ओर जाने की थोड़ी-बहुत संभावना अभी बनी हुई है, उनमें से भी कुछ दल अविश्वास प्रस्ताव पर सरकार का समर्थन करते दिख जाएं। प्रधानमंत्री ने कह भी दिया है कि विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाना चाहता है तो लाने दीजिए, उसे इससे कुछ हासिल नहीं होगा। दूसरी ओर, विपक्ष ने अपने इस कदम से ज्यादा उम्मीदें ही नहीं पाली हैं। उसके मुताबिक वह इस प्रस्ताव के जरिए किसी को हराना या जीतना नहीं चाहता। वह तो बस मणिपुर के मसले पर प्रधानमंत्री को सदन के सामने लाना चाहता है, जिसके लिए पीएम और सरकार तैयार ही नहीं हो रहे थे। अब इस प्रस्ताव पर चर्चा के बहाने न केवल मणिपुर पर विस्तृत चर्चा हो जाएगी बल्कि सदन में प्रधानमंत्री का विस्तृत बयान भी आ जाएगा। हालांकि संसद के मंच पर सत्ता पक्ष और विपक्ष की ऐसी रस्साकशी कोई नई बात नहीं है। इसे स्वस्थ लोकतंत्र का लक्षण ही कहा जाता है। लेकिन मणिपुर में जिस तरह के दृश्य पिछले दिनों देखने को मिले, उसके मद्देनजर इस तरह की कवायद मायूस करती है। बेहतर होता कि विपक्ष और सरकार आपस में बातचीत से सहमति की कोई सूरत निकाल कर मणिपुर पर विस्तृत चर्चा कर लेते और इसके लिए अविश्वास प्रस्ताव की नौबत न आती।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई में गड्ढे भरने की नई-नई ट्रिक अपना रही बीएमसी

## सड़कों पर गड्ढों से परेशान BMC, अब मास्टिक अस्फॉल्ट तकनीक का होगा प्रयोग, जानिए कितनी फायदेमंद है

**मुंबई:** महानगर की बदहाल सड़कों को लेकर आलोचना झेल रही बीएमसी अब गड्ढों को भरने के लिए नए-नए तरीके आजमा रही है। बीएमसी ने सड़कों के गड्ढों को भरने के लिए मास्टिक अस्फॉल्ट का उपयोग करने का निर्णय लिया है। बीएमसी प्रशासन ने गड्ढों को भरने के लिए टेंडर भी जारी कर दिया है। जोन 3 के तहत बांद्रा पूर्व, बांद्रा पश्चिम और अंधेरी पूर्व की सड़कों के गड्ढों की भराई के लिए बीएमसी ने 7 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया है। जोन 4 के लिए




भी दो टेंडर जारी किए गए हैं। अंधेरी पश्चिम, गोरेगांव और मालाड के लिए 10 करोड़ रुपये का टेंडर और दूसरे 5 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया है। 28 जुलाई को ठेकेदारों के नाम तय हो जाएंगे। यह ठेकेदार अगले 5 महीने तक मास्टिक अस्फॉल्ट से गड्ढे भरेंगे। यानी कुल 22 करोड़ रुपये खर्च कर पश्चिम उपनगर और उत्तर मुंबई के गड्ढे भरे जाएंगे।

**भरे गए हैं 6000 से अधिक गड्ढे**

बीएमसी ने खुद स्वीकार किया है कि 1 अप्रैल से 24 जुलाई तक मुंबई में 6000 से अधिक गड्ढे भरे गए हैं। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि मास्टिक अस्फॉल्ट का उपयोग करना काफी आसान है। इससे जहां कम समय में गड्ढे भरे जाएंगे, भारी बारिश के बावजूद यह उखड़ेगा नहीं। गड्ढे के साथ बैड पैचअप की समस्या भी काफी हद तक दूर हो सकती है। बता दें कि मुंबई में सड़कों पर बने गड्ढों को लेकर विधानमंडल के दोनों सदनों में हंगामा हुआ था।

### 125 करोड़ रुपये का खर्च...

बताया जा रहा है कि बीएमसी 125 करोड़ रुपये गड्ढे भरने पर खर्च कर रही है। पिछले दो महीने से गड्ढे भरने के लिए रैपिड हार्डनिंग, कोल्ड मिक्स और रिऐक्टिव अस्फॉल्ट का इस्तेमाल किया जा रहा है। बीएमसी ने दावा किया था कि इस टेक्निक से गड्ढे भरने के 6 घंटे के भीतर ही सड़कों को यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। रिऐक्टिव अस्फॉल्ट से गड्ढे भरने पर 45 करोड़ रुपये और रैपिड हार्डनिंग तकनीक से गड्ढे भरने पर 80 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके बावजूद सड़कों पर बड़े पैमाने पर गड्ढे बन रहे हैं।

### गड्ढे भरने की प्रयोगशाला बनी बीएमसी :

बता दें कि मुंबई में कुल 2055 किलोमीटर लंबी सड़कों का जाल जाल है, जिसमें से 1030 किमी. लंबी सड़क को सीमेंटेड किया जा चुका है। बीएमसी पिछले तीन वर्षों में गड्ढे भरने के लिए कई नई तकनीकों का प्रयोग कर चुकी है। इसमें जीओ पॉलिमर, पेवर ब्लॉक, एम- 60 और रैपिड हार्डनिंग के साथ ही रिऐक्टिव अस्फॉल्ट तकनीक भी शामिल है। बीएमसी में पूर्व नेता विपक्ष रवि राजा ने आरोप लगाया कि बीएमसी ने सड़कों को प्रयोगशाला बना दिया है। अतिरिक्त आयुक्त हर साल दावा करते हैं कि इस बार सड़कों पर गड्ढे नहीं बनेंगे, लेकिन उनका दावा हर मॉनसून में फेल हो जाता है। हर साल करोड़ों रुपये कॉन्ट्रैक्टर को दिए जाते हैं, लेकिन गड्ढे हैं कि भरते ही नहीं। इसके लिए दोषी अधिकारियों और कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

# बारिश के रेड अलर्ट के बाद मुंबई में झमाझम बरसात... जलभराव से लोग परेशान



**मुंबई :** जहां बीते 24 घाटों से मुंबई और उपनगरीय इलाकों में भारी बारिश हुई है, जबकि कुछ स्थानों में अत्यधिक भारी बारिश दर्ज की गई। वहीं आज भी शहर में बृहस्पतिवार सुबह से लगातार बारिश हो रही है। इसके साथ ही निचले इलाकों में कहीं अधिक जलभराव की भी खबर है। जानकारी दें कि, क्टऔने आज यानी गुरुवार को मुंबई में 'भारी से अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया था। वहीं इस से 'रेड अलर्ट जारी होने के बाद बृहन्मुंबई महानगर पालिका ने आज को सभी सरकारी तथा निजी स्कूल और कॉलेज की छुट्टी घोषित कर दी है। मुंबई नगर आयुक्त एवं प्रशासक इकबाल सिंह चहल ने बुधवार रात कहा, '' बीएमसी का सभी नागरिकों से अनुरोध है कि प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए सतर्क रहें, घर के अंदर रहें। आईएमडी मुंबई के अनुसार, बृहस्पतिवार सुबह आठ बजकर 30 मिनट तक 24 घंटे की अवधि में कोलाबा वेधशाला में 223.2 मिलीमीटर, सांताक्रूज वेधशाला में 145.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

IMD के अनसार पिछले 24 घंटों में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पर 153.5, राम मंदिर क्षेत्र में 161, भायखला में 119, सायन में 112 और बांद्रा में 106 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। बीएमसी के अधिकारियों के मुताबिक, बृहस्पतिवार सुबह छह बजकर 38 मिनट पर 3.31 मीटर ऊंची लहरें उठीं, वहीं शाम पांच बजकर 58 मिनट पर 3.32 मीटर ऊंची लहरें उठीं। IMD के अनुसार अगले 24 घंटे शहर में 45-55 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उपनगरीय सेवाएं सामान्य हैं, लेकिन कुछ यात्रियों ने दावा किया कि ट्रेन 10-15 मिनट की देरी से चल रही हैं। बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) उपक्रम के एक प्रवक्ता ने कहा कि शहर में बसें निर्धारित मार्ग पर ही चल रही हैं।

## चंद्रपुर जिले में आकाशीय बिजली गिरने से पांच लोगों की मौत



**चंद्रपुर :** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में चार स्थानों पर पिछले 24 घंटों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चार महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला घायल हो गयी है । पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार को जिला मुख्यालय से करीब 75 किलोमीटर दूर सिंदेवाही तहसील के देलान्वादी गांव में धान के खेत में काम कर रही 45 और 47 साल की दो महिलाओं की आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में 33 वर्षीय एक महिला झुलस गई है।

# 'मदद न मिलने पर आत्महत्या ही एकमात्र विकल्प'

## कर्ज में डूबे किसान ने मुख्यमंत्री शिंदे को लिखा पत्र...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के हिंगोली में रहने वाले एक किसान ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को एक पत्र लिखकर हजार्ने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर हजार्ना नहीं दिया जाता है तो उनके पास खुद की जान देने के सिवा कोई और विकल्प नहीं है। दरअसल, किसान पर करीब 20 लाख रुपये का कर्ज है।

**50 लाख का नुकसान**

हिंगोली के सेनगांव तालुका के सपतगांव के रहने वाले गजानन नारायण अवचर ने 23 जुलाई को सीएम को पत्र लिखा। उन्होंने पत्र में कहा कि उनकी एक हेक्टेयर भूमि पर अनार की खेती है। कोविड-19 महामारी के बाद से वह किसी भी बाजार में इसे नहीं बेच पाए। दो साल से ब्रिकी नहीं होने पर करीब 50 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

**दो बैंकों से लिया कर्ज**

24 जुलाई को मुख्यमंत्री सचिवालय को सौंपे गए पत्र में, अवचार ने कहा कि परिवार में पांच लोग हैं। उन्हें खाना खिलाने के लिए कमी का और कोई साधन नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि दो बैंकों से कर्जा ले रखा है। एक से करीब पांच लाख तो दूसरे से 15 लाख का कर्ज लिया है।

**लगातार मिल रहे नोटिस**

किसान ने कहा कि लगातार बैंक से नोटिस मिल रहे हैं। कर्ज नहीं चुका पाने के कारण मानसिक उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। उन्होंने पत्र में कहा कि सरकार मुआवजा दे, नहीं तो मेरे पास आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।

# लापरवाही की सारी हदें पार... टूटी छत के साथ सड़क पर दौड़ी बस

## वीडियो वायरल होने पर अधिकारी निलंबित!





**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र से बड़ी लापरवाही का एक वीडियो सामने आया है। इसमें सड़क पर टूटी छत के साथ महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की एक बस को सड़क पर दौड़ता देखा जा सकता है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस मामले के सामने आने के बाद अधिकारियों ने जांच शुरू कर एक कर्मचारी को निलंबित कर दिया है।

**जांच के दिए आदेश**

एमएसआरटीसी के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शेखर चन्ने ने बताया कि बस गढ़चिरौली जिले के अहेरी डिपो की है। घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वहीं, एक अन्य अधिकारी ने कहा कि गढ़चिरौली में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के एक अधिकारी को बस के खराब रखरखाव के लिए जिम्मेदार होने के कारण निलंबित कर दिया गया है।

### बस चालक को नहीं थी खबर

उन्होंने आगे बताया कि यात्रियों के केबिन के ऊपर बाहरी एल्यूमीनियम छत वाला हिस्सा और पूरी बस की छत की भीतरी परत एक दम सही स्थिति में थी। बस के चालक दल और यात्रियों को टूटी छत के बारे में पता नहीं था। रास्ते में लोगों ने बस चालक दल के सदस्यों को इसके बारे में बताया। इस बीच ही किसी ने वीडियो बना ली, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) द्वारा इस संबंध में कोई कार्रवाई की जाएगी या नहीं, इस पर राज्य परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार ने कोई जवाब नहीं दिया।

### बेड़े में 15,000 से अधिक बसें

बता दें, एमएसआरटीसी देश के सबसे बड़े सार्वजनिक परिवहन निकायों में से एक है, जिसके बेड़े में 15,000 से अधिक बसें हैं। प्रतिदिन करीब 60 लाख लोग यात्रा करते हैं। एमएसआरटीसी में एक यूनियन नेता ने दावा किया कि खराब रखरखाव के कारण राज्य परिवहन बसों की स्थिति खराब है, खासकर महामारी के बाद, और कई यात्रियों को बसों में लीकेज के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**बस का टूटा था यह हिस्सा**

अधिकारी ने बताया कि जिस बस का वीडियो वायरल हो रहा है वह गढ़चिरौली-अहेरी मार्ग पर चल रही थी। उन्होंने कहा कि वाहन की पूरी छत बाहर नहीं आई थी, लेकिन बस राजमार्ग पर चलने के दौरान ड्राइवर के केबिन के ऊपर का बाहरी फाइबर हिस्सा टूट गया और हवा में लहरा गया।

# ढाई लाख में खरीदा बांग्लादेशी महिला, जबरन देह व्यापार करवाया

## पुलिस ने छापेमारी कर सात महिलाओं को छुड़वाया...



**मुंबई :** मुंबई पुलिस अपराध शाखा ने बांग्लादेश से अवैध तरीके से मुंबई लाकर उनसे देह व्यापार करवाने के मामले में छापेमारी करते हुए सात महिलाओं को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया गया है। जानकारी के मुताबिक महिलाओं को मुंबई लेकर ढाई लाख रुपये में बेचा जाता था और उनसे जबरन देह व्यापार करवाया जाता था। पुलिस ने जानकारी मिलने के बाद ग्रांट रोड़ स्थित वी पी रोड़ इलाके में छापेमारी की और एक मैनेजर दो दलाल को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुंटन खाना चला रहे आरोपी ढाई लाख रुपये में महिलाओं को खरीदते थे और जबरन देह व्यापार करवाते थे। इसका खुलासा तब हुआ जब देह व्यापार करनेवाली एक महिला ने उसके पास पहुंचे ग्राहक से अपनी आप बीती सुनाई। उसने इसकी जानकारी महिलाओं के लिए काम करनेवाली एक एनजीओ को दी और फिर एनजीओ ने पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद जबरन देह व्यापार कराई जा रही महिलाओं को छुड़वा लिया गया।


**अपराध शाखा की दो टीमों ने की छापेमारी**

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जानकारी की सत्यता पड़ताल कर पुलिस ने एक एस एस ब्रांच और दूसरी यूनिट की टीम बनाई। ताकि छापेमारी विफल न हो और महिलाओं को आसानी से छुड़वाया जा सके। दोनों टीमों ने अलग अलग तरीके से छापेमारी की तैयारी की और एक के बाद एक धमक पड़ी। जहां से उस महिला को भी छुड़वाया गया जिसे जबरन देह व्यापार में ढकेला गया था।

**महिला ने की थी ग्राहक से शिकायत**

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि वक ग्राहक जब उस महिला के पास गया तब उसने अपनी आपबीती ग्राहक से सुनाई। ग्राहक से हुई शिकायत के बाद मामला एनजीओ तक पहुंचा और फिर मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरे मामले की खुद निगरानी की और छापेमारी की गई। डी बी मार्ग पुलिस मामले की जांच करने में जुटी हुई है।

# ठाणे के बांध में 19 वर्षीय एक युवक की डूबने की आशंका



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में 19 वर्षीय एक युवक के बांध में डूब जाने की आशंका है। नगर निकाय के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वह युवक बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे अपने दोस्तों के साथ ओवला क्षेत्र में स्थित एक छोटे बांध पर गया था।

ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तडवी ने बताया कि उसके दोस्त तैरने के लिए जलाशय में उतरे लेकिन वह बाहर ही रहा। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह पानी में गिर गया। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद स्थानीय दमकलकर्मी और आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ का दल मौके पर पहुंचा और उस युवक की तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। उन्होंने बताया कि खोज अभियान बुधवार देर रात बंद कर दिया गया और बृहस्पतिवार को सुबह फिर से शुरू किया गया। पुलिस घटना की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वह युवक पानी में कैसे गिरा।

# फर्जी कॉल सेंटर पर छापेमारी



**मुंबई :** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने पैसे कमाने के उद्देश्य से बनाये गए अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को डोंगरी इलाके से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बंगलादेशी नागरिक के साथ मिलकर डोंगरी इलाके में फर्जी कॉलसेंटर चालू किया था। जिसमें वह एक डिवाइस के माध्यम से विदेशी कॉल को भारतीय कॉल में बदल देता था। जिससे भार सरकार को रिवेन्यू का घाटा होता था। छापेमारी में पुलिस ने कोल सेंटर चलानेवाले रियास मो उर्फ पीके (32) को गिरफ्तार कर लिया है। पीके ने एक घर भाड़े पर लिया था वहीं से वह इस व्यवसाय को चलाता था।

# महाराष्ट्र ATS ने एक और संदिग्ध को किया गिरफ्तार, पहले 2 आतंकी आए थे गिरफ्त में




**पुणे :** पिछले दिनों पुणे में पकड़े गए दो आतंकियों से पूछताछ के बाद महाराष्ट्र एटीएस ने एक और संदिग्ध को गिरफ्तार किया है. एटीएस के मुताबिक, पकड़ा गया शख्स गोंदिया का रहने वाला है. इस शख्स ने पकड़े गए आतंकियों को छिपने के लिए पुणे में किराए का मकान दिलाने में मदद की थी. खास बात है कि पुणे से पिछले दिनों पकड़े गए दो आतंकियों से पूछताछ में पता चला है कि दोनों ने सतारा और कोल्हापुर के जंगलों में बम धमाके की ट्रेनिंग ली थी और पुणे में बम धमाका करने की फिराक में थे. दोनो अब एटीएस की हिरासत में हैं. एटीएस ने रिमांड के दौरान कोर्ट में ये खुलासा किया है. पहले पकड़े गए आतंकियों पर राजस्थान में एनआईए के एक केस में पहले से 5 लाख रुपये का इनाम घोषित है. हालंकि, इनका तीसरा साथी फरार हो गया है, जिसका अभी पता नही चला है.

# उद्धव ठाकरे ने की महाराष्ट्र के DCM की तारीफ...

## कहा- अजित पवार ईमानदार हैं...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजनीति में कब क्या हो जाएं यह कोई नहीं बता सकता, कभी कोई नेता किसी के पक्ष बात करता है तो किसी के विरोध में बात करता है। ऐसे में अब शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की तारीफ की है। जी हां दरअसल उन्होंने अजित को एक ईमानदार और कुशल प्रशासक बताया और कहा कि इससे पहले भी जब वह उनकी टश्अ सरकार का हिस्सा थे, तब भी उन्होंने अपने विभागों को अच्छे से संभाला था। इस तरह उद्धव ने अजित पवार की तारीफ की है।

**अजित पवार की तारीफ**



नवंबर 2019 से जून 2022 तक एमवीए सरकार का नेतृत्व करने वाले ठाकरे ने पिछले हफ्ते शरद पवार के कार्यालय में अजित पवार से मुलाकात की। ज्ञात हो कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में बगावत के बाद अजित पवार 2 जुलाई को एकनाथ शिंदे सरकार में उपमुख्यमंत्री बने।

**क्या बोले उद्धव ठाकरे?**

महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने बुधवार (26 जुलाई) को पार्टी के मुखपत्र सामना में प्रकाशित एक इंटरव्यू में कहा, अजित पवार ईमानदारी के साथ काम करते हैं। उन्होंने एमवीए सरकार में प्रशासन और अपने विभाग को अच्छे से संभाला। और मैंने सोचा कि मौजूदा पाखंड में (शिंदे सरकार के संदर्भ में) क्या इस व्यक्ति से कुछ अच्छा हो सकता है।

**बगावत के बाद अजित BJP में शामिल**

जैसा कि हम देख सकते है कि पिछले एक साल पर नजर डालें तो महाराष्ट्र की राजनीति कई तरह से बदल चुकी है। पिछले साल जून में, एमवीए सरकार को उस समय झटका लगा जब महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना में बगावत हो गई और पार्टी के अधिकांश सदस्यों ने एकनाथ शिंदे गुट का नेतृत्व स्वीकार कर लिया। एकनाथ शिंदे गुट ने शिवसेना पर दावा करते हुए महाराष्ट्र की सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी के साथ अपनी सरकार बनाई थी।

**शिंदे की राह पर अजित**

बता दें कि इस घटना के एक साल बाद एनसीपी नेता अजित पवार ने भी अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत कर दी। बगावत के बाद उन्होंने एनसीपी पर भी अपना दावा ठोका और राज्य की शिंदे-फडणवीस सरकार से हाथ मिला लिया और खुद महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम बन गए।

## सफाई कर्मचारियों के साथ अन्याय नहीं होगा

# विधान परिषद में मंत्री उदय सामंत ने दी जानकारी

## आश्रय योजना के तहत कर्मचारियों को दी जाएगी घर

**मुंबई :** नगर विकास मंत्री उदय सामंत ने कहा कि मुंबई मनपा के सफाई कामगार के सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर कामगारों के साथ कोई अन्याय नहीं होगा। बुधवार को विधान परिषद में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक भाई गिरकर ने मुंबई मनपा में कार्यरत सफाई कामगार का मुद्दा उपस्थित किया था जिसमे उन्होंने कहा कि बिना किसी सुरक्षा के सफाई कर्मी अपने स्वास्थ्य की चिंता किए बिना अपना काम ईमानदारी और मेहनत से करते है.इसलिए सफाई कर्मियों को घर



दिए जाने की सरकार ने घोषणा की थी लेकिन अब तक उन्हें घर नहीं मिला है. इस पर उदय सामंत ने कहा कि मुंबई मनपा के माध्यम से सीवरेज चैनलों को वाहन पर लगी मशीन की मदद से यांत्रिक रूप से संरक्षित किया जाता है। इसके अलावा, बड़े नालों की सफाई मुख्य रूप से मशीनरी का उपयोग करके की जाती है। लेकिन जहां मशीनरी का उपयोग करना संभव नहीं है, वहां असाधारण मामलों में सुरक्षा उपाय अपनाते हुए ठेकेदारों के माध्यम से नियुक्त श्रमिकों की मदद से बरसाती नालों की सफाई की जाती है। उदय सामंत ने कहा कि मुंबई मनपा में 29 हजार 700 कर्मचारियों में से ५ हजार ५९२ सफाई कर्मियों के वरिष्ठता के आधार पर उन्हें घर आवंटित किए गए है बाकी कर्मचारियों को आश्रय योजना के तहत सफाई कर्मियों की एक कॉलोनी बनाने के लिए भूखंड आवंटित कर १२ हजार घर बनाने की दिशा में मनपा काम कर रही है. सामंत ने सदन को आश्वस्त किया कि मुंबई मनपा में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होगा उनके लिए सरकार कई उपाययोजना शुरू की है और आगे भी करेगी। इस चर्चा में सदस्य सचिन अहीर , प्रवीण दरेकर, सतेज पाटिल, भाई जगताप अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया।

# दो दिन में निधि नहीं मिली तो जाएंगे कोर्ट...

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले की चेतावनी!

- विधायकों ने की मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से चर्चा
- बीएमसी से पालक मंत्री का दफ्तर हटाने की मांग

**मुंबई :** विधायकों को विकास निधि देने में कांग्रेस पार्टी के विधायकों के साथ अन्याय किया गया है। सत्तारूढ़ दल के विधायकों को विकास निधि अधिक आवंटित की गई है, जबकि कांग्रेस विधायकों को बहुत कम धनराशि दी गई है। कुछ विधायकों को तो फंड भी आवंटित नहीं किया गया। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात कर विधायकों को विकास निधि देने की मांग की है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने चेतावनी दी है कि अगर दो दिनों के भीतर विकास निधि नहीं दी गई तो कांग्रेस अदालत का दरवाजा खटखटाएगी।



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले और विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात के नेतृत्व में सभी कांग्रेस विधायकों ने बुधवार को विधान भवन स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की और विकास निधि पर चर्चा की। इस बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए नाना पटोले ने कहा कि फंड के वितरण में भारी असमानता है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मांग की गई है कि कांग्रेस विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए पर्याप्त विकास निधि उपलब्ध करायी जाए। साथ ही स्वीकृत विकास कार्यों पर लगी रोक को सरकार द्वारा हटाया जाए। मुख्यमंत्री शिंदे ने आश्वासन दिया है कि वह दोनों उप मुख्यमंत्रियों से चर्चा कर विकास निधि पर निर्णय लेंगे। पटोले ने कहा कि कांग्रेस पार्टी दो दिन इंतजार करेगी. अगर दो दिन के अंदर हमें राशि नहीं मिली तो हम कोर्ट में जाएंगे।

नाना पटोले ने कहा कि पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा मुंबई महापालिका में एक कार्यालय स्थापित किया है। यह कार्यालय तुरंत बंद किया जाना चाहिए। यह गलत है कि भाजपा ने मुंबई महापालिका में पालक मंत्री का कार्यालय शुरू करके एक नई परंपरा शुरू की है।

# क्राइम ब्रांच की टीम ने तीन 35 इलेक्ट्रिक बाइक जली चोरों को किया गिरफ्तार



**वसई :** एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत क्राइम ब्रांच 3 युनिट 'विरार' ने घरफोडी व प्लास्टिक दाना चोरी करने के मामले आरोपी को गिरफ्तार करके 9 लाख का माल जप्त किया है। यह कार्रवाई क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे व एसीपी अमोल मांडवे के मार्गदर्शन में क्राइम क्राइम ब्रांच युनिट 3 पी.आई प्रमोद बडाख के नेतृत्व में पोउपनिरी उमेश भागवत की टीम ने की है। पुलिस ने बताया कि , 23 जुलाई 2023 को शिकायतकर्ता औरंगजेब मनिहार, निवासी-नालेश्वरनगर, विरार फाटा स्थित के घर में अज्ञात चोर घुसकर घर से 1,27,700 रुपये के आभूषण चोरी करके फरार हो गए.इस मामले में मांडव पुलिस ने अज्ञात चोर के ऊपर कलम 380 के तहत केस दर्ज किया था। उक्त अपराध की जांच करते हुए तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी के संबंध में गोपनीय जानकारी प्राप्त की गई,और आरोपी अमिन अब्दुल रज्जाक शेख (26) व प्रफुल्ल संग्राम गायकवाड (32) को हिरासत में लिया। आरोपियों के पास से 1,10,700 रुपये सोने और चांदी के आभूषण और अपराध के अन्य सामान जब्त किए गए हैं।

## उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय में परीक्षा के लिए नियुक्त की गई संस्था की सेवा रद्द

# विधान परिषद में उच्च शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने दी जानकारी...

**मुंबई :** उच्च शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि जलगांव स्थित कवयित्री बहिणाबाई चौधरी महाराष्ट्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत शुरू प्रबंधन विज्ञान विभाग की परीक्षा में छात्रों को दी गई पुराने प्रश्न पत्र देने की घटना गंभीर है. इसकी जांच के लिए यूनिवर्सिटी की ओर से एक एक्सपर्ट कमेटी गठित की गई थी जिसकी जांच की रिपोर्ट आ गई है.बुधवार को विधान परिषद में सदस्य सत्यजीत तांबे ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से बहिणाबाई चौधरी विश्वविद्यालय में प्रबंधन विज्ञापन की परीक्षा में छात्रों को दी गई पुराने प्रश्नपत्र का मुद्दा सदन में उपस्थित किया था इसके जवाब में



मंत्री पाटिल बोल रहे थे.पाटिल ने कहा कि हैदराबाद द्वारा पायलट आधार पर दी जाने वाली सेवाओं को रद्द करने का निर्णय लिया गया है. उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री पाटिल ने कहा कि कवयित्री बहिणाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों की ग्रीष्मकालीन 2023 परीक्षाएं अप्रैल 2023 से विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्र पर आयोजित की गईं। थी जबकि अक्टूबर, 2022 की परीक्षा के बाद पहली बार, ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से प्रश्न पत्र प्रस्तुत करने, चयन और वितरण का उपयोग कोविड-2019 के बाद पहली बार किया गया। मंत्री पाटिल ने कहा कि प्रबंधन विज्ञान पाठ्यक्रम की ग्रीष्मकालीन-2023 परीक्षा में कुछ विषयों के प्रश्न पत्र पिछली परीक्षा के ही भेजे जाने के संबंध में विश्वविद्यालय को छात्र संगठन से शिकायत मिली थी। इसमें हुई गलती का एहसास होने पर छात्रों के शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए प्रबंधन पाठ्यक्रम के जिन पांच विषयों के प्रश्न पत्र पिछली परीक्षा में भेजे गए थे, उन पांचों विषयों की परीक्षाएं विश्वविद्यालय के माध्यम से पुनः आयोजित की गई और यह परीक्षा सुचारू रूप से आयोजित की गई है। इस परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है.

## 35 इलेक्ट्रिक बाइक जली...



**विरार :** विरार पश्चिम में डोंगरपाड़ा से डीमार्ट जाने वाली सड़क पर इलेक्ट्रिक बाइक बेचने वाली एक दुकान में भीषण आग लग गई। यह घटना सुबह करीब 8:30 बजे हुई और 35 दोपहिया वाहन जल गए। मिली जानकारी के अनुसार, माई राइड जॉय ई-बाइक एक इलेक्ट्रिक बाइक की दुकान है जो विरार पश्चिम में डोंगरपाड़ा से डीमार्ट की तरफ जाने वाली सड़क पर पटेरिया शेड में स्थित है। बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे इस दुकान में अचानक आग लग गई। इस आग की सूचना जैसे ही महानगर पालिका के अग्निशमन कर्मियों को मिली तो वे मौके पर पहुंचे। दुकान का शटर बंद होने के कारण कटर की मदद से शटर तोड़कर आग पर काबू पाया गया।

# महाराष्ट्र के राजमार्गों को 'टोल-फ्री' करने के भाजपा के चुनावी वादे का क्या हुआ : राज ठाकरे




**पुणे :** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने बुधवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से पूछा कि राज्य के राजमार्गों को ''टोल-फ्री'' बनाने के उसके चुनावी वादे का क्या हुआ। उन्होंने एक बार फिर दावा किया कि इस महीने की शुरूआत में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के कुछ विधायकों के एकनाथ शिंदे-भाजपा सरकार में शामिल होने के कदम को राकांपा सुप्रीमो शरद पवार का आशीर्वाद प्राप्त है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए ठाकरे ने महाराष्ट्र में सड़कों की स्थिति को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पर भी निशाना साधा।

पुलिस ने कहा था कि मनसे के कुछ कार्यकताओं ने रविवार तड़के नासिक में एक टोल प्लाजा पर कथित तौर पर तोड़फोड़ की, क्योंकि पार्टी नेता अमित ठाकरे को वहां रोक दिया गया था। अमित ठाकरे, राज ठाकरे के बेटे हैं। इसका जिक्र करते हुए मनसे प्रमुख ने कहा, ''मनसे कार्यकताओं द्वारा टोल प्लाजा पर तोड़फोड़ की घटना उस बूथ के कर्मचारियों द्वारा अमित ठाकरे के साथ दुर्व्यवहार के बाद हुई।'' ठाकरे ने कहा, ''फास्टैग होने के बावजूद अमित ठाकरे को रोका गया और टोल प्लाजा पर अभद्र व्यवहार किए जाने के बाद यह प्रतिक्रिया आई।''

उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा के बजाय भाजपा को राज्य राजमार्गों को 'टोल फ्री' बनाने के अपने चुनावी वादे पर बोलना चाहिए। मनसे प्रमुख ने मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर हुए हादसों का जिक्र करते हुए कहा कि नवनिर्मित राजमार्ग पर अब तक 400 लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने कहा, ''राजमार्ग पर कोई सुरक्षा रेलिंग नहीं है। क्या भाजपा या सरकार जिम्मेदारी लेगी?'' गडकरी का जिक्र करते हुए राज ठाकरे ने कहा, ''केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री एक मराठी हैं और महाराष्ट्र से ताल्लुक रखते हैं लेकिन राज्य में सड़कें बदतर हालत में हैं। इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता।''

# जल्द खत्म होगा शीतकालीन सत्र...!

**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानमंडल के मानसून सत्र के जल्द ही खत्म होने की संभावना प्रकट की जा रही है। मानसून सत्र 17 जुलाई से 4 अगस्त की अवधि के बीच आयोजित किया गया है। गुरुवार को विधानभवन में संसदीय कामकाज सलाहकार समिति की बैठक होगी, जिसमें सत्र की अवधि घटाने को लेकर कोई फैसला लिया जा सकता है। चुनिंदा स्थानों को छोड़कर पूरे राज्य में इस समय भारी बारिश हो रही है। ऐसे में विधायक अपने क्षेत्र के लोगों की सहायता करने के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र में रहना चाहते हैं। भारी बारिश के कारण सत्र में विधायकों की उपस्थिति भी कम दिखाई दे रही है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि सत्र 28 या 29 जुलाई को खत्म किया जा सकता है। हालांकि इसका फैसला कामकाज सलाहकार समिति की बैठक में लिया जाएगा। यदि सत्ताधारी और विपक्षी दल के सदस्य सत्र की अवधि घटाने पर सहमत होंगे, तभी सत्र अपनी निर्धारित अवधि के पहले खत्म होगा।

## अजय पाठक प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता नियुक्त

**मुंबई :** लंबे समय से भाजपा से जुड़े नागपुर के भाजपा नेता अजय पाठक को महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। उन्हें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में नियुक्ति का पत्र सौंपा। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के वाराणसी के रहने पाठक इसके पहले प्रदेश भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के प्रदेश महासचिव के पद पर कार्यरत थे। उन्हें महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के सदस्य भी बनाया गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बावनकुले ने कहा कि पाठक की नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी। पाठक ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बावनकुले, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, भाजपा के विदर्भ संगठन मंत्री उपेंद्र कोठेकर, भाजपा नागपुर महानगर अध्यक्ष जितेंद्र बंटी तथा भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय पांडे के प्रति आभार जताया है।



# निर्माण एजेंसी की लापरवाही से अधर में लटका उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन

## बनकर तैयार फिर भी नहीं संचालित हो रहा केन्द्र

**सीधी।** स्वास्थ्य विभाग के निर्माण अमले की लापरवाही से करीब 24 लाख रूपये की लागत से तैयार किये गए भवन का देखरेख न होने के चलते उक्त भवन एक तरफ खंडहर हो रहा है तो दूसरी तरफ रहवासियों ने भवन में कब्जा जमा लिया है। इतना ही नही हाल ही में निर्मित उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन में खाद्य विभाग ने भी अपना कब्जा जमा लिया है। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो की जिम्मेदारी जिले में उपयंत्री अभिलाषा यादव के हवाले की गई है लेकिन स्थिति यह है कि संविदाकारों के इसारे पर भवन निर्माण सहित अन्य कार्य इनके द्वारा कराया जा रहा है। जिसके चलते गुणवत्ता में जहां सवालिया निशान लग रहा है वहीं सरकार के खजाने में भी उपयंत्री की लापरवाही से सेंध लग रही है।

उल्लेखनीय है कि जिले के रामपुर नैकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अन्तर्गत पडखुरी-587 में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण वर्ष 2020 में एनएचएम द्वारा कराया गया था जिसकी लागत 24 लाख रूपये बताई गई है। लेकिन अब यहां कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नही बैठता है इस उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन में बंशल परिवार का कब्जा हो गया है। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि बंशल परिवार के लोग यहां बांस लेकर आते है और बांस से निर्मित वर्तन बनाते है। यहां बरामदे में आराम करने के लिए चारपाई भी रखी गई है।

### खाद्य विभाग ने भी जमाया कब्जा

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रामपुर नैकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अन्तर्गत नवनिर्मित भवन उपस्वास्थ्य केन्द्र पडखुरी 587 का निर्माण तो वर्षो पूर्व ही हो गया था लेकिन विभागीय अमले की लापरवाही के चलते उक्त भवन का हैंडओव्हर नही हो पाने के चलते स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन समय पर नही हो पा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार विगत दो माह पूर्व संविदाकार द्वारा उक्त भवन को स्वास्थ्य विभाग को हैंडओव्हर कर दिया गया है लेकिन यहां आधे भवन में बंशल परिवार तथा आधे भवन में खाद्य विभाग का कब्जा होने के चलते यह भवन स्वास्थ्य विभाग को अभी भी नही मिल पा रहा है।

### सामने आई सीएचओ की लापरवाही

महत्वपूर्ण बात यह है कि करीब दो माह पूर्व उक्त भवन को संविदाकार द्वारा विभाग को हैंडओव्हर कर दिया गया था लेकिन आज तक उक्त भवन में उपस्वास्थ्य केन्द्र का संचालन नही हो पाया है। जिसके पीछे प्रमुख वजह यह बताई जा रही है कि सीएचओ आरती सिंह द्वारा भवन में खाद्य विभाग व अन्य लोगों द्वारा किये गए कब्जे की जानकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को नही दी गई थी जिससे यह साफ जाहिर हो रहा है कि उप स्वास्थ्य केन्द्र संचालन में सीएचओ आरती सिंह की लापरवाही प्रमुख रूप से है। सूत्रों की माने तो प्रत्येक माह टीकाकरण सहित अन्य कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग द्वारा जो संचालित कराये जाते है उसमें सीएचओ की उपस्थिती तो रहती है लेकिन वह ऑगनवाड़ी भवन में अपनी उपस्थिती दर्ज कराकर मुक्त हो जाती है।

### इनका कहना हैं

इस मामले की जानकारी अभी तक मेरे पास नही थी, आपके माध्यम से जानकारी मिली है, मैं इसकी जानकारी लेती हूं।

डॉ प्रेरणा त्रिपाठी,बीएमओ रामपुर नैकिन।

# गौशालाओं की सच्चाई, हर दिन सड़क हादसों का शिकार हो रहे गौवंश

## सिर्फ कागजों में चल रही सरकार की गौशाला

**सीधी।** शहर हो या गांव सभी जगह गौ-वंश की दुर्दशा हो रही है। ऐसा कोई दिन नहीं बीतता जिस दिन गौ-वंश सड़क दुर्घटना का शिकार न हो, जिस दिन किसी गाय की तड़प-तड़प कर मौत न होती हो। इन सड़क दुर्घटनाओं का शिकार लोग भी हो रहे हैं। इन सड़क दुर्घटनाओ में लोग या तो घायल हो रहे हैं, या उनकी भी मौत हो रही है। गौ-वंश के सड़कों पर आ जाने से सड़क जाम से लेकर, दुर्घटनाओं में इजाफा हुआ है। हालात ये आ चुके हैं, कि दुर्घटना में रोजाना गाय और इंसान की मौत हो रही है।

दो वक्त के दाना-पानी के बदले दूध देने और मरने के बाद शरीर के चमड़े से कई लोगों का रोजगार चलाने वाली गाय, सड़कों पर मारी-मारी इसलिए फिर रही हैं, क्योकि उनके रहने-खाने का इंतजाम इंसान ने छीन लिया। गाय सड़कों पर आ गई, बस यहीं से गाय सड़क दुर्घटना की वजह और शिकार बनने लगी हैं। शहर में लगभग हजारों गाय ऐसी हैं, जिनके न रहने का ठिकाना है न खाने-पीने का इंतजाम है। शहर के हर वार्ड में कम से कम 100 गाय हैं, जो खाने की तलाश में सड़कों,गलियों में भटकती रहती है। हर सड़क पर इसी वजह से जाम लगता है। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है। सड़क के किनारे और सड़क पर बैठी गायों को बचाने के प्रयास में सड़क दुर्घटना हो रही है, जो रोजाना बढ़ती ही जा रही हैं। रात के समय सड़क पर



बैठे गौ-वंश बड़ी सड़क दुर्घटनाओं की वजह बन रहे हैं। लोग हादसों का शिकार होकर जान गंवा रहे हैं। गायों को बचाने के चक्कर में रोजाना 5-10 एक्सीडेंट शहर में हो रहे हैं। इन दुर्घटनाओं में 2-4 गाय की रोजाना मौत हो रही है, कम से कम 10 लोग घायल हो रहे हैं।

छिन रहीं लोगों की खुशियांः देश हो या प्रदेश या शहर, सड़क दुर्घटना में सबसे ज्यादा मौतें हो रही है। सड़क दुर्घटना की दस वजह मुख्य हैं जिसमें ओवर स्पीड,ओवर टेक, मोबाइल का इस्तेमाल, ड्रिंक एंड ड्राइव, रेड लाइट जंप, सेफ्टी फीचर्स का इस्तेमाल नहीं, सड़क नियमों की अनदेखी, सड़क पर जानवर आ जाना, इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी, ड्राइवर का भ्रमित होना कारण हैं। जिनमें से एक बड़ी वजह सड़क पर जानवरों का आ जाना भी है। जानवरों के सड़क पर आने से भीषण हादसा होता है, ऐसी दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा बाइक सवार मौत का शिकार होते हैं। इसके अलावा ऐसे भी हादसे होते हैं, जिन्हें रोड एक्सीडेंट तो नहीं कहा ए लेकिन ये दुर्घटनाएं जानवरों की वजह से ही होती हैं।

# संसार में जितने संबंध स्वार्थ के वशीभूत बने वह सभी कष्टकारी हैं सबसे बड़ी जिम्मेदारी है स्वयं के परिणामों को सम्हालना : साध्वी लब्धि पूर्णा जी म. सा.

**भोपाल।** संसार में कभी किसी का उपकार नहीं भूलना चाहिए धर्मात्मा तो बहुत है पर सबसे बड़ा धर्मात्मा वही है जो उपकारी के प्रति कृतज्ञ रहता है यह उद्गार श्वेतांबर जैन सिटी मंदिर मैं पूज्य साध्वी अमित गुणा महाराज साहब की शिष्या साध्वी लब्धि पूर्णा म. सा. ने व्यक्त करते हुए कहा कहा संसार में सबसे बड़ी जिम्मेदारी है स्वयं के परिणामों को संभालना स्वयं अपनी खोज कर लो तो दुनिया की खोज करने की



आवश्यकता नहीं है संसार मैं स्वार्थ पूर्ति के लिए संबंध और संसारी क्रिया कष्टकारी होते हैं जितने जितने रिश्ते संसार में बढ़ते जाते हैं उतने ही कष्ट बढ़ते जाते हैं साध्वी जी ने कहा जीवन में सुख और संतुष्टि चाहते हो तो स्वयं मैं सरलता के साथ स्वयं में जीना सीखो अपने चंचल मन पर अंकुश लगा दिया वही संत पुरुष है जीवन की सफलता आपके विवेक पर निर्भर है आचरण और विवेक हमेशा पॉजिटिव होना चाहिए श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश तातेड ने बताया ने साध्वी संघ के सानिध्य में चतुर्मास के दौरान प्रतिदिन जिनालय में भगवान महावीर का अभिषेक विशेष पूजा अर्चना के साथ अनुष्ठान हो रहे हैं यहां नियमित नवकार महामंत्र का वाचन श्रद्धालु कर रहे हैं इस मौके पर श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ ट्रस्ट जैन यूथ क्लब महावीर महिला मंडल बहु मंडल के सदस्य द्वारा गुरु वंदना की गई।

# अंबेडकर ग्राउंड भोपाल में आंदोलन कर रहे पंचायत जनप्रतिनिधि हुए पुलिस की लाठी से घायल

## जिला पंचायत सदस्य संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विनय मेहर के नेतृत्व में अपने अधिकारों के लिए आंदोलन कर रहे थे पंचायत जनप्रतिनिधि

**नज़ीराबाद**–मंगलवार 25 जुलाई को त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था में चुने हुए जिला पंचायत सदस्य व जनपद पंचायत सदस्य एवं पंच व उप-सरपंच अपने अधिकारों व मांगों को लेकर हजारों की संख्या में इकट्ठा होकर आंदोलनरत हो गए यहां पर आंदोलनकारी पंचायत जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को ज्ञापन देने पर अड़े रहे तो पुलिस ने अंबेडकर ग्राउंड के मुख्य द्वार पर ही बैरिकेडिंग करके उन्हें रोक दिया इस पर आक्रोशित हुए जनप्रतिनिधि शिवराज सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे जिला पंचायत सदस्य संगठन के प्रदेश अध्यक्ष



विनय मेहर ने कहा कि प्रदेश की शिवराज सरकार मानदेय हो या त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था में चुने हुए जनप्रतिनिधियों के अधिकार हो हर जगह यह सरकार हमारा उपहास कर रही है आंदोलन में जनप्रतिनिधियों को कांग्रेस एवं कमलनाथ की ओर से संबोधित करने आए मध्य प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि हम इन जनप्रतिनिधियों की मांग को हमारे वचन पत्र में शामिल करेंगे आंदोलन में शामिल दर्जनों पंचायत जनप्रतिनिधि पुलिस की लाठी से घायल हुए जिसके बाद पंचायत जनप्रतिनिधि ग्राउंड की बैरिकेडिंग तोड़कर रोड पर ही बैठ गए जिसके बाद 5 घंटे आंदोलन चलने के बाद अंत में सैकड़ों पंचायत जनप्रतिनिधियों की गिरफ्तारी के साथ आंदोलन शांत हो सका।

# गांव के दबंगों ने विद्यालय सहित खेल मैदान में कर लिया अवैध कब्जा

## लिखित शिकायत के बाद भी नही हो रही कार्यवाही

मानपुर विधानसभा मुख्यालय जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटरी के ग्राम बरा के ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी अनुसार बताया गया की इन दिनों क्षेत्र में शासकीय जमीन हड़पने की प्रथा जोरों पर है जहां भी देखा जाए तो आज कल कहीं भी शासकीय जमीन खाली नहीं है किसी न किसी का अवैध कब्जा मिल ही जाएगा इसी दरमियान ग्राम पंचायत कोटरी के ग्राम बरा के कुछ नामचीन दबंगों ने भी शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने की योजना बनाई जिनके द्वारा क्षेत्र में खाली पड़ी शासकीय जमीन का पता लगाया गया तो कहीं भी खाली भूमि नहीं मिली तभी उक्त दबंगों की नजर विद्यालय के खेल मैदान में लगी और शासकीय खाली भूमि पा कर ट्रेक्टर नुमा जेसीबी मसीन के माध्यम से देखते ही देखते खेल मैदान को खेत में तब्दील करा दिया गया इतना ही नही दबंगों द्वारा खाली पड़ी विद्यालय की



भूमि को भी नही बक्सा गया जहां प्रधानाचार्य को किसी से शिकायत न करने की धमकी देते हुए उक्त भूमि पर बोर खनन कराते हुए भारी भरकम मशीन डाल कर रातों दिन सिंचाई कर खेल मैदान की भूमि पर खेती करने की योजना बनाई जा रही है

### पानी पीने को मोहताज हैं विद्यालय के छात्र

ग्राम पंचायत कोटरी स्थित ग्राम बरा के सरपंच सचिव के साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा जिम्मेदारों को दी गई लिखित शिकायत करते हुए बताया गया की विद्यालय प्रांगण वा आस पास के एरिया में एकलौता हैंडपंप की सुविधा उपलब्ध थी जो विद्यालय के छात्र छात्राओं के पानी पीने के काम आता था लेकिन हाल ही के दिनों में गांव के कुछ जाने माने दबंगों द्वारा विद्यालय की भूमि पर लगे हैंडपंप के बगल से दबंगई के साथ बोर खनन कार्य करा लिया गया है और उसमे हैवी मोटर डाल कर रातों दिन खेतों की सिंचाई की जा रही है जिस कारण विद्यालय में लगे हैंडपंप पानी की जगह हवा उलगने लगे हैं और विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे पीने के पानी को तरस रहे हैं ऐसा नहीं है की संबंधित मामले की जानकारी सासन प्रशासन को न दी गई हो जब कि ग्राम के सरपंच सचिव समेत विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा लिखित में दबंगों के प्रति कार्यवाही हेतु मानपुर तहसीलदार महोदय एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को शिकायत पत्र सौंपते हुए संबंधित दबंगों के प्रति कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की गई थी लेकिन शिकायत के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भीं सासन प्रशासन गांव के पूंजीपति दबंगों से विद्यालय एवं खेल मैदान की भूमि को आजाद कराने में नाकाम साबित हो रहा है क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक एवं मध्यप्रदेश सासन श्री शिवराज सरकार की केवीनेट मंत्री सुश्री बहन मीना सिंह से जनापेक्षा है की संबंधित मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य को देखते हुए विद्यालय की भूमि एवं खेल मैदान की भूमि को संबंधित पूंजीपति दबंगों के कब्जे से मुक्त कराया जाय ताकि क्षेत्र में सांति का वातावरण कायम रखा जा सके और बच्चों को विद्यालय में पीने के पानी की व्यवस्था भी हो सके।

7 करोड़ का सोना कैसे मिला!

# गुत्थी सुलझाने में लगी दो राज्यों की पुलिस, जिस परिवार को मिला वो कह रहा- न मिलता तो बेहतर था



**आलीराजपुर।** एक या दो नहीं। सोने के पूरे 240 सिक्के। सब सोने के। भारत में कीमत 1 करोड़ 56 लाख और इंटरनेशनल मार्केट में 7 करोड़ 20 लाख रुपए। मिले भी तो किसी धन्ना सेठ को नहीं। मध्यप्रदेश के एक मजदूर परिवार को। अब ये परिवार सदमे में है। इस परिवार का कहना है सारे सिक्के पुलिसवालों ने लूट लिए। अब कुछ नहीं बचा। एक सिक्का बचा था वो दे दिया। सिक्का मिला था गुजरात के वलसाड़ में, इसलिए अब गुजरात पुलिस की भी एंट्री हो चुकी है। जिन्हें सिक्का मिला उन्हें तफ्तीश के लिए गुजरात ले गई। मध्यप्रदेश में चार पुलिसवालों पर एफआईआर हो चुकी है और टीआई को सस्पेंड कर दिया गया है। जिला मुख्यालय से करीब 50 किमी दूर है आलीराजपुर जिले के सोंडवा ब्लॉक का गांव बेजड़ा। हरी-भरी पहाड़ियों के बीच बसे इस गांव में जब हम पहुंचे तो ऐसा लगा जैसे कुदरत ने यहां के लोगों को शहरी भागदौड़ से दूर बेहद सुकून की जिंदगी दी है, लेकिन जैसे-जैसे हम आगे बढ़े। हमारी ये सोच हवा हो गई। यहां पुलिसकर्मियों की आवाजाही तेज है। यहां के लोगों के चेहरे पर भी सुकून की जगह हवाइयां उड़ रही हैं। वजह भी साफ है। यहीं पास में है दगड़ा फलिया। निमाड़ी में पत्थर को दगड़ा कहते हैं, लेकिन इस दगड़ा में एक दिन पहले एक घर से सोना मिलने के मामले ने तूल पकड़ा है। आदिवासी महिला रमकु पति बंशी ने बताया था कि गुजरात के नवसारी जिले के बीलीमोरा में मजदूरी के दौरान उसे 240 सिक्के मिले। जिसे वो अपने साथ गांव लेकर आए थे। कुछ दिन पहले एक ज्वेलर से जांच कराने पर पता चला कि ये सिक्के सोने के हैं और काफी पुराने हैं। इसके बाद घर में चार पुलिसवाले आए और सिक्के लूटकर ले गए। रमकु बाई और उसके पति को गुजरात पुलिस लेकर गई है, इसलिए वो फिलहाल घर में नहीं मिले। मामला सामने आने के बाद एसपी ने आरक्षक राकेश देवार समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। मामला सामने आने के बाद एसपी ने आरक्षक राकेश देवार समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। रमकु के भतीजे शिवम ने बताया कि परिवार में 10 से 12 सदस्य हैं, लेकिन इसकी खबर किसी को कानों कान नहीं थी। 19 तारीख को जब पुलिसकर्मी महिलाओं के साथ बदसलूकी कर डरा-धमकाकर सोने के सिक्के निकालकर ले गए उसके बाद ही हमें इस बात की जानकारी मिली कि हमारे घर में इतना सारा सोना था। शिवम आगे बताते हैं कि पिछले साल दिसंबर माह के करीब मेरे बड़े भाई, भाभी, काका और काकी मजदूरी करने के लिए गुजरात राज्य के वलसाड़ गए थे। फरवरी माह में मेरी दादी का देहांत हो गया जिसकी खबर लगने के दूसरे दिन सभी परिजन घर लौट आए। उसी दौरान यह सोने के सिक्के वहां से लेकर आए थे। रमकु के देवर का कहना है कि यह सिक्के हम कहीं चोरी करके या लूटपाट करके नहीं लाए हैं। यह तो हमारा नसीब है। जो हमें नसीब से धन प्राप्त हुआ था, लेकिन कुछ लुटेरे पुलिसकर्मियों ने हमारे सपनों को चकनाचूर कर दिया। हमारे परिजन को सही सलामत घर तक छोड़ा जाए। इतनी परेशानी देखकर तो लगता है कि सिक्के ना ही मिलते तो अच्छा रहता। मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया था। ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने का घेराव किया था। मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया था।

इंदौर की खूबसूरती में चार चांद लगाएगा मधुमिलन चौराहा

## साढ़े 4 करोड़ की लागत से होगा सौंदर्यीकरण; महापौर के साथ आकाश विजयवर्गीय ने किया भूमिपूजन





**इंदौर।** सोमवार को इंदौर की विधानसभा 3 में शहर के मधुमिलन चौराहा का विकास कार्य और सौंदर्यीकरण कार्य के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक आकाश विजयवर्गीय ने आचार्यों की उपस्थिति में वेद मंत्रों के साथ भूमि पूजन किया। यह चौराहा साढ़े चार करोड़ की लागत बनकर तैयार होगा। विधायक आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि मधुमिलन चौराहा को इंदौर का सबसे सुंदर चौराहा बनाएंगे। इससे यातायात सुगम होगा। रीगल से मधुमिलन और अग्रसेन से तीन इमली रोड 15 करोड़ की लागत से बनाएंगे। यह इंदौर की सबसे आदर्श सड़क होगी। विधानसभा 3 के हर वार्ड में एक आदर्श सड़क और एक आदर्श चौराहे बनाएंगे। इसकी प्लानिंग जल्द होगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने विधायक आकाश विजयवर्गीय के आग्रह पर रीगल से मधुमिलन और अग्रसेन से तीन इमली की रोड को आदर्श रोड बनाने की घोषणा की है। विधायक आकाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव का वार्ड 55 के रहवासियों ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। विधायक आकाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव का वार्ड 55 के रहवासियों ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। सोमवार को विधानसभा 3 में विधायक आकाश विजयवर्गीय ने वार्ड 55 में विकास पर्व के तहत पांच करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि विधायक आकाश विजयवर्गीय के प्रयास से शहर का सबसे खूबसूरत चौराहा मधुमिलन चौराहा होगा। यह यातायात के लिए काफी महत्वपूर्ण है। विधायक विजयवर्गीय लगातार विधानसभा में विकास कार्य कर रहे हैं। अच्छी लाइटिंग से चौराहा रोशन होगा। जनता के आशीर्वाद से विकास कार्य जारी रहेंगे। मधुमिलन चौराहे के सौंदर्यकरण कार्य में चौराहे की रोटरी छोटी होगी। इसमें आई लव इंदौर का सेल्फी प्वाइंट भी लगेगा। चौराहे पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। चौराहे को हरियाली से सुसज्जित किया जाएगा। सरवटे से आने वाले वाहन बिना घूमे डायरेक्ट एमवाय अस्पताल जा सकेंगे। हाईटेक ट्रैफिक सिग्नल लगेंगे। एलईडी स्क्रीन लगेगी। मधुमिलन से पेवरब्लॉक हटाकर सीमेंटीकरण सड़क बनाई जाएगी जो लैंडस्केपिंग होगी फुटपाथ पर बैठने के लिए बेंच भी लगाई जाएगी। इसके साथ ही वार्ड 55 में मुराई मोहल्ला में नई सड़क सीमेंटीकरण का कार्य और राज टाकीज में सीमेंट सड़क निर्माण 22 लाख की लागत से होगा।

### कलेक्टर ने दिया निर्देश

**उमरिया।** जिले के कलेक्टर स्वास्थ्य विभाग को लेकर सख्त हो गए है। सोमवार को जिले में डॉक्टरों की उपस्थिति के लिए कलेक्टर केडी त्रिपाठी ने सार्थक एप से लिए जाने के लिए आदेश दिए हैं। कलेक्टर डॉ. केडी त्रिपाठी ने आदेश जारी किए कि शासकीय अस्पतालों में आने वाले मरीजों को व्यवस्थित रूप से चिकित्सा सुविधा का लाभ मिले। इसके लिए आवश्यक है, कि डॉक्टर निर्धारित समय में स्वास्थ्य केन्द्रों में उपस्थित रहे। चिकित्सकों की उपस्थिति सार्थक एप से लिए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही टेली मेडीसिन व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जाए। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की ओपीडी में दर्ज मरीजों की जानकारी उपलब्ध कराई जाने के निर्देश दिए है। स्किल सेल से पीडित बच्चों की पहचान के लिए स्कूलों मे चलाए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण अभियान की कैलेंडर बनाकर रखने के निर्देश मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी को दिए हैं।

रिश्वत के नोट मुंह में डालकर चबा गया पटवारी

## रुपए उगलवाने के लिए कराई उल्टी कराने की कोशिश; लोकायुक्त ने दी थी दबिश



**कटनी।** रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़े जाने के डर से एक पटवारी पांच-पांच सौ रुपए के 9 नोट मुंह में डालकर चबा गया। उसके मुंह से रुपए निकलवाने के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने पटवारी से उल्टी करवाने की कोशिश की, लेकिन उसने उल्टी नहीं की। ये अनोखा मामला कटनी का है। लोकायुक्त इंस्पेक्टर कमल सिंह उइके ने बताया कि बड़खेड़ा गांव निवासी चंदन सिंह लोधी ने जबलपुर लोकायुक्त कार्यालय में 10 जुलाई को शिकायत की थी। उसने बताया कि उसके दादा की गांव में जमीन है। जिसका सीमांकन कराना है। सीमांकन करने के बदले में पटवारी गजेन्द्र सिंह पांच हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। रिश्वत के नोट चबाने के बाद उन्हें उगलवाने के लिए पटवारी से अस्पताल में उल्टी कराने की कोशिश की गई। लेकिन उसने उल्टी नहीं की। रिश्वत के नोट चबाने के बाद उन्हें उगलवाने के लिए पटवारी से अस्पताल में उल्टी कराने की कोशिश की गई। लेकिन उसने उल्टी नहीं की। शिकायत के बाद लोकायुक्त की टीम ने पटवारी को रंगेहाथ पकड़ने की योजना बनाई। जिसके मुताबिक सोमवार को लोकायुक्त की टीम कटनी पहुंची। यहां आवेदक चंदन सिंह लोधी ने पटवारी को रिश्वत देने के लिए बुलाया। उसे पांच-पांच सौ रुपए के 9 नोट दिए। जैसे ही पटवारी ने रुपए लिए तभी लोकायुक्त की टीम वहां पर पहुंच गई। पटवारी ने लोकायुक्त की टीम को देखते ही रिश्वत के रुपए मुंह में डाल लिए और नोटों को चबाना शुरू कर दिया। जिसके चलते लोकायुक्त की टीम उसे रुपए लेते रंगेहाथ नहीं पकड़ पाई। हालांकि लोकायुक्त ने नोटों के कुछ टुकड़े जब्त कर लिए हैं। साथ ही पटवारी गजेन्द्र सिंह के खिलाफ रिश्वत लेने की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। कायुक्त पुलिस ने रिश्वत के रुपए चबाए जाने की जानकारी कोतवाली पुलिस को भी दी है। इधर रुपए उगलवाने के लिए पटवारी को जिला अस्पताल ले जाया गया।

## भगवान भोलेनाथ को कैद से आजाद कराने की मांग

**रायसेन।** हिंदू सनातन समाज किले पर स्थित महादेव मंदिर के ताले खुलवाने की मांग कर रहे हैं। मध्यप्रदेश के रायसेन में किले पर स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर के ताले खोलने की मांग एक बार फिर तेज हो गई। सोमवार को इसे लेकर सनातन हिंदू समाज और साधु-संतों ने बड़ा प्रदर्शन किया। प्रशासन को चेताया कि सवा महीने के अंदर मंदिर के ताले नहीं खोले गए तो सनातन हिन्दू और संत समाज अपने हाथों से मंदिर के ताले खोलेगा। मंदिर के ताले खोलने की मांग को लेकर हिंदू सनातन समाज के आह्वान पर एक बड़ी सभा हुई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग जुटे। सभा को लेकर पहले से तैयारियां की जा रही थीं। शहर में पंपलेट बांटे गए थे। पीले चावल देकर लोगों को आमंत्रण भी दिया गया था। सभी लोगों ने सोमेश्वर महादेव को कैद से मुक्त कराने की मांग को लेकर एसडीएम मुकेश कुमार को ज्ञापन भी सौंपा। हिंदू सनातन समाज के आह्वान पर आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें कई लोग जुटे। हिंदू सनातन समाज के आह्वान पर आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें कई लोग जुटे। रायसेन के एडिशनल एसपी अमृत मीणा ने बताया कि प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्ण ढंग से ज्ञापन सौंपा है।

इंदौर में होटल में मिले कपल के शव

## एक साल पहले की थी लव मैरिज, लड़की का परिवार बोला- हत्या हुई




**इंदौर।** इंदौर में एक होटल में कपल के शव मिले हैं। लड़की की लाश बेड पर पड़ी मिली, तो युवक फंदे पर झूलता मिला। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों ने एक साल पहले ही लव मैरिज की थी। इधर, लड़की के परिवार का बयान सामने आया है। उसने हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना भंवरकुआं इलाके में रिंग रोड स्थित प्राइम होटल की है। बताया जा रहा है कि राहुल वर्मा और नंदिनी नाम का ये कपल दो दिन पहले शनिवार से होटल के रूम नंबर 306 में ठहरे थे। सोमवार दोपहर कमरे से बदबू आने लगी। कर्मचारियों ने होटल मैनेजर को सूचना दी। जिसके बाद दूसरी चाबी से लॉक खोलकर देखा तो दोनों की लाश मिली। भंवरकुआं थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि प्राइम होटल के स्टाफ ने शव पड़े होने की सूचना दी थी। प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का लग रहा है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि ये सुसाइड केस है या फिर कुछ और। राहुल वर्मा अमर पैलेस कॉलोनी का रहने वाला था। युवती का नाम नंदिनी था। वो कॉल सेंटर पर काम करती थी। शनिवार सुबह वह घर से विजय नगर जाने की बात कहकर निकली थी। उसके भाई ने उसे राजीव गांधी चौराहे पर सिटी बस स्टॉप पर छोड़ा था। होटल प्राइम के रूम नंबर 306 में कपल के शव मिले हैं। बताया जा रहा है कि दोनों ने एक साल पहले ही लव मैरिज की थी। होटल प्राइम के रूम नंबर 306 में कपल के शव मिले हैं। बताया जा रहा है कि दोनों ने एक साल पहले ही लव मैरिज की थी। पुलिस की प्रांरभिक जांच में पता चला कि दोनों के बीच में आपसी संघर्ष जैसे कोई निशान नहीं मिले हैं। फोरेंसिक डिपार्टमेंट के अफसरों की जांच के अनुसार पहले नंदिनी की मौत हुई है। इसके बाद राहुल ने फांसी लगाई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की जानकारी सामने आ सकेगी। पुलिस का कहना है दोनों एक साल पहले प्रेम विवाह किया था। इस रिश्ते को लेकर दोनों के परिवार के लोग खुश नहीं थे इस वजह से परिवार से अलग रह रहे थे। हालांकि पुलिस ने परिवार को घटना की जानकारी दी है। अभी किसी के बयान नहीं हो पाए हैं। लड़का सिलाई का काम करता था। दोनों ने कोर्ट मैरिज की थी। लड़की आर्य समाज की थी। शादी के बाद कुछ दिन तक लड़की ससुराल में रही। इसके बाद मायके चली गई थी।

# सुष्मिता सेन ने फैंस को अपने स्वास्थ्य पर दी बड़ी अपडेट, बताया कब आएगी आर्या 3



कुछ महीनों पहले बॉलीवुड अदाकारा सुष्मिता सेन को दिल का दौरा पड़ा था, जिसकी जानकारी उन्होंने खुद अपने फैंस को सोशल मीडिया के जरिये दी थी, जिसके बाद एक्ट्रेस की सर्जरी भी हुई थीं। हालांकि, अब एक्ट्रेस की तबीयत बिल्कुल ठीक है। सुष्मिता सेन हाल ही में पेरिस और स्विट्जरलैंड में वेकेशन मनाकर लौटी हैं। अपनी दोनों बेटियों के साथ छुट्टियां बिता रहीं सुष्मिता सेन ने अपने फैंस के लिए भी टाइम निकाला और उनसे लाइव सेशन के दौरान बातचीत की। मिस यूनिवर्स रहीं सुष्मिता सेन से उनके फैंस ने इस लाइव सेशन के दौरान कई सवाल जवाब किये। एक्ट्रेस ने भी दिल खोलकर फैंस के सभी सवालों के जवाब दिए।

## सुष्मिता सेन ने अपनी हेल्थ को लेकर दिया अपडेट

सुष्मिता सेन इंस्टाग्राम पर लाइव आईं, फैंस ने उनसे का सवाल किये। एक्ट्रेस ने भी बिना हिचकिचाए हुए दिल खोलकर फैंस के साथ चिट-चैट की। इस बातचीत के दौरान उनके एक फैन ने जब उनकी हेल्थ पर सवाल किया, तो फैंस की जान सुष्मिता ने अपनी हेल्थ के बारे में अपडेट देते हुए कहा, मेरी हेल्थ अब बिल्कुल ठीक है, मैं अपना बहुत अच्छे से अपना ध्यान रखती हूं और खूब सारा खाना खाती हूं।

इतना ही नहीं, डिज्नी प्लस हॉटस्टार की सीरीज 'आर्या' के दो सफल सीजन के बाद फैंस ये जानने के लिए बेकरार हैं कि क्राइम थ्रिलर सीरीज का तीसरा सीजन कब आएगा। आर्या से जुड़े सवाल पर सुष्मिता सेन ने जवाब देते हुए कहा, मुझे खुद भी आर्या 3 के तीसरे सीजन का इंतजार है। मुझे लगता है कि ये सीजन बहुत ही प्यारा होगा और इसमें काफी कुछ नया आपको देखने को मिलेगा। मैं आपको अपनी सीरीज के बारे में बहुत कुछ बताने की इच्छुक हूं, लेकिन उससे पहले हम इसके बारे में डिस्कस कर लें।

# बर्थडे पर कृति ने लॉन्च किया ब्यूटी ब्रांड, करोड़ों की संपत्ति की मालकिन हैं एक्ट्रेस



बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन आज यानी 27 जुलाई को अपना 33वां जन्मदिन मना रही हैं। 2014 में हीरोपंती के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया था। एक्ट्रेस अपने इन 9 सालों के करियर में कई सुपरहिट फिल्में दी और आज वह बॉलीवुड की सफल अभिनेत्री में से एक है। कृति सेनन का जन्म 27 जुलाई 1990 को एक पंजाबी हिंदू परिवार में हुआ था। वह दिल्ली की रहने वाली हैं। आदिपुरुष अभिनेत्री के पास जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ आईटी, नोएडा से इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री है। हाल ही में 'आदि पुरुष' फिल्म में माता सीता की भूमिका में नजर आईं थी। वह दिन-ब-दिन सफलता की सीढ़ी चढ़ती जा रहे हैं और नए-नए आयाम भी हासिल कर रही हैं। चलिए इस रिपोर्ट में जानते हैं दिन-ब-दिन मिलती सफलता को एंजॉय कर रही यह एक्ट्रेस कितनी संपत्ति का मालकिन हैं।

**फिल्मों और एड्स से करती है करोड़ों की कमाई**

कृति सेनन की अनुमानित कुल संपत्ति $9 मिलियन - लगभग 74 करोड़ रुपये है। फिल्मों से कमाई के अलावा, वह कई ब्रांड एंडोर्समेंट और विज्ञापन अभियानों में भी शामिल हैं। वह जिन ब्रांडों का हिस्सा रही हैं उनमें फॉसिल, जॉय, कैडबरी, बाटा, टाइटन और कोका-कोला का नाम शामिल है। वह एप्पी फिज की ब्रांड एंबेसडर भी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक मूवी के लिए एक्ट्रेस 2 से 3 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं।

कृति सेनन के पास करोड़ों की संपत्ति हैं। वह मुंबई के जुहू इलाके में अपनी फैमिली के साथ रहती हैं। इस घर की कीमत करीब 60 करोड़ की है। घर में तीन बेडरूम समेत कई सुविधाएं हैं। एक्ट्रेस की गाड़ियों की बात की जाए तो उनके पास एक से बढ़कर एक लग्जरी कार्स है, जिसमें एसयूवी ऑडी क्यू7, एक मर्सिडीज-बेंज ई-क्लास और एक बीएमडब्ल्यू 3-सीरीज शामिल हैं।



# ड्रीम गर्ल 2 के ट्रेलर रिलीज से पहले उर्फी जावेद ने 'दिल का टेलीफोन ड्रेस' के साथ किया कमाल !

'ड्रीम गर्ल 2' के पोस्टर सामने आने के साथ ही दुनिया भर में धूम मचा दी है ! ऐसे में दर्शकों के उत्साह में एक मजेदार ट्विस्ट को सेंसेशनल इन्फ्लुएंसर उर्फी जावेद ने जोड़ा है. उर्फी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो आयुष्मान खुराना की अपकमिंग फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' को अनोखे अंदाज में प्रमोट करती नजर आ रही हैं. इस बार ने उर्फी ने अपने लेटेस्ट क्रिएशन में 'दिल का टेलीफोन ड्रेस' बनाया है. आप आप सोच रहे होंगे कि दिल का टेलीफोन ड्रेस कैसे?. तो आपको बात दें कि उर्फी ने इस बार फोन के वायर से अपनी नई ड्रेस को रैडी किया है. लेटेस्ट वीडियो में उर्फी जावेद को अपने अंदर की ड्रीम गर्ल को दिखाते हुए देखा जा सकता है, क्योंकि उन्हें भी फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है. बात करें ड्रेस की तो एक्ट्रेस ने रेड और ब्लैक कलर के टेलीफोन वायर से टॉप और शॉर्ट स्कर्ट बनाई है. यहां तक की उर्फी ने अपने ईयररिंग्स भी वायर के ही बनाए हैं. इस दिल खुश कर देने वाले वीडियो में, उर्फी उत्साह से भरपूर अपनी प्यारी इच्छा पूजा की वापसी की घोषणा कर रही हैं. फिल्म के ट्रेलर के लिए बेकरारी साफ देखी जा सकती है. दिल का टेलीफोन ड्रेस किसी फैशन स्टेटमेंट से कहीं ज्यादा है, यह एक मस्ती भरी क्रिएशन है.

वैसे बात अगर फैशन में क्रिएटिविटी की हो तो उर्फी का कोई जवाब नहीं. लेकिन इस फैशन की वजह से वो लगभग पूरे देश के ट्रोलर्स के निशाने पर रहती हैं. बीते दिनों एयरपोर्ट से उर्फी का एक वीडियो भी आया था जिसमें एक शख्स उनके कपड़ों पर कमेंट करता नजर आ रहा था. जिसके बाद उर्फी ने भी उसे जमकर सुनाई थीं. एक्ट्रेस के साथ ऐसी घटनाएं अक्सर होती रहती हैं.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com